# विधान परिषद के द्वितीय सत्र- 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 5 | (क) क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि जनपद गाजीपुर में नवीन स्टेडियम का निर्माण कार्य लम्बित है ? | जी हाँ। |
| | (ख) यदि हाॅ, तो उक्त निर्माण कार्य में विलम्ब के क्या कारण है ? | जनपद गाजीपुर में नवीन स्टेडियम के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या- 637/बयालिस-2017-247(विविध)/2013, दिनांक 09.06.2017 द्वारा रू0 470.44 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति एवं प्रथम किश्त के रूप में रू0 208.33 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी। तत्पश्चात दिनांक 27 मार्च 2018 को द्वितीय किश्त के रूप में रू0 262.11 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी। कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा लोक निर्माण विभाग की दरें पुनरीक्षित होने के कारण प्रश्नगत परियोजना हेतु शासनादेश दिनांक 17 अगस्त 2022 द्वारा रू0 629.46 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त के सापेक्ष शासनादेश दिनांक 25 अगस्त 2022 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में धनराशि रू0 59.86 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। अवमुक्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त होने पर अवशेष धनराशि अवमुक्त कर कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। |
| | (ग) उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |

गिरीश चन्द्र यादव
मंत्री